प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

**मण्डलीय अपर निदेशक,**
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
मण्डल आजमगढ़।

पत्रांक–एस.पी0.एम.यू./एन.एच.एम./एस0एस0 विजिट/म0–आजमगढ़/2024–25/2711 दिनांकः 08-08-2024

**विषय–राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप निराकरण के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या SPMU/ NHM/ M&E/ 2024-25/ 04/ 1873-2 Dated-04-07-2024 द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिये गये निर्देशों के कम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 24–27 जुलाई, 2024 के मध्य मण्डल आजमगढ़ का स्थलीय भ्रमण एवं वित्तीय समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराई गई भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, आख्या में उल्लिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या 01 सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक, कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

7/8/24
(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकःएस.पी0.एम.यू./एन.एच.एम./एस0एस0 विजिट/म0–आजमगढ़/2024–25 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।
3. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन, आजमगढ़ मण्डल उ0प्र0।
4. जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन जनपद, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।

(डा0 मिलिंद वर्धन)
महाप्रबन्धक पी0एम0 अभीम

Scanned with OKEN Scanner

भ्रमण आख्या–मण्डल (आजमगढ़)
दिनांक–24–27 जुलाई,2024

भ्रमण दल के सदस्य –
- डा0–मिलिंद वर्धन महाप्रबन्धक–पी0एम0 अभीम (मण्डलीय नोडल, अधिकारी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण)
- श्री संदीप कन्नौजिया– इन्टरनल आडिटर
- श्री सत्यप्रकाश–कार्यक्रम समन्वयक,आर0आई0

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या SPMU/NHM/M&E/2024-25/04/1873-2 Dated-04-07-2024 के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक–24–27 जुलाई, 2024 के मध्य मण्डल–आजमगढ़ की चिकित्सा इकाईयों–जिला चिकित्सालय, प्रथम संदर्भन ईकाई, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया गया एवं जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ ब्लाक वार वित्तीय समीक्षा की गई।

जनपद–आजमगढ़

दिनांक 24.07.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक, कार्यालय आजमगढ़ में वित्तीय मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद–आजमगढ़, मऊ, एवं बलिया के जनपद स्तरीय अधिकारियों, द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुनः दिनांक 25.07.2024 को जनपद आजमगढ़, दिनांक 26.07.2024 को जनपद–बलिया एवं दिनांक 27.07.2024 को जनपद–मऊ में जनपद एवं ब्लाक स्तरीय वित्तीय समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकरी, ब्लाक चिकित्साधिकारी, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान पायी गयी कमियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। भम्रण आख्या के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

प्रथम संदर्भन ईकाईः–बिलरियागंज

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| चिकित्सालय /अन्य कार्यकम | • चिकित्सा ईकाई के क्षेत्र की जनसंख्या 03 लाख थी। प्रतिदिन 250 ओ0पी0डी0 का औसत था।<br>• परिसर में साफ सफाई की कमी पायी गई। शौचालय स्वच्छ नही थे।<br>• आई० ई०सी०की कमी पाई गयी।<br>• ए0आर0वी0 का इन्जेक्शन प्रशिक्षण में आये स्टाफ नर्स से लगवाया जा रहा था तथा सिरिंज को बिना हब कटर से काटे इकठ्ठा किया जा रहा था। | • परिसर में साफ सफाई नहीं थी। शौचालय गन्दे थे परिसर में शौचालय को इस्तेमाल योग्य बनाये जानें हेतु निर्देशित किया गया।<br>• चिकित्सा ईकाई पर सफाई कर्मियों का रोस्टर एवं सम्बधित कार्मिक द्वारा सुपरविजन से सम्बंधित कोई भी कार्ययोजना उपलब्ध नही थी।<br>• आई0ई0सी0 को समुचित डिस्पले करने के निर्देश दिये गये।<br>• ए0आर0वी0 का इन्जेक्शन प्रशिक्षित टेक्नीशियन के द्वारा लगाने के निर्देश दिये गये एवं वैक्सीनेशन उपरान्त निडिल को हब से काट कर डिस्पोज करने के निर्देश दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित रूप से निस्तारण नही किया जा रहा था।<br>• बी0एस0टी0 अपूर्ण रूप से भरी जा रही थी।<br>• एन0बी0एस0यू0 रजिस्टर उपलब्ध नही था।<br>• एन0बी0एस0यू0 के बाहर स्लीपर स्टैन्ड उपलब्ध नही था।<br>• पी0एन0सी0वार्ड0 का अवलोकन करने के पश्चात पाया गया कि, प्रसव पश्चात गर्भवती माता एवं नवजात शिशुओ के लिए जीरो डोज लगाने के उपरान्त एम0सी0पी0 कार्ड में अंकन नही किया जा रहा था। एम0सी0पी0 कार्ड चिकित्सा ईकाई पर उपलब्ध नही था।<br>• लैब में बायोकमेस्ट्रिी नही की जा रही थी।<br>• बायोमेडिकल उपकरण की तकनीकी खराबी उपरान्त साइरिक्स कम्पनी भी समय पर उपकरणों की खराबी दूर नही कर रही थी।<br>• प्रथम संदर्भन ईकाई होने के उपरान्त भी स्त्री रोग विषेशज्ञ का पद रिक्त था।<br>• लेबर रूम में एम0एम0ए0 किट, टेबलेट नेफिडिपिन, सिरप नेबरापिन उपलब्ध नही था। | • बायोमेडिकल वेस्ट को समुचित डिस्पोज करने के निर्देश दिये गये।<br>• बी0एस0टी0 को पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिये गये।<br>• एन0बी0एस0यू0 रजिस्टर उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं स्लीपर स्टैन्ड की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।<br>• एम0सी0पी0 कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• लेबर रूम की सारी कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये।<br>• बायोमडिकल उपकरण की खराबी उपरान्त ससमय रिपेयर कराने के निर्देश दिये गये।<br>• स्त्री रोग विषेशज्ञ का पद अतिशीघ्र भरने के निर्देश दिये गये। | |

आयुष्मान आरोग्य मन्दिर किशुनदासपुर (ब्लाक पल्हनी):–

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|---|
| परिसर / अन्य बिन्दु | • आरोग्य मंदिर की के क्षेत्र की जनसंख्या 6635 थी।<br>• 10 मरीजों के बैठने के जगह उपलब्ध थी।<br>• आरोग्य मंदिर पर ब्रान्डिंग लेख मानकानुसार डिस्पले था।<br>• लक्ष्य 2440 के सापेक्ष मात्र 750 सी0बैक0 फार्म पूर्ण किये गये थे लेकिन पूर्ण रूप से नही भरे गये थे। | • सी0बैक फार्म पूर्णरूपेण भरने हेतु आशा को निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0 / आशा |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • सी0एच0ओ0 द्वारा प्रतिदिन 20 से 22 मरीजो का चिकित्सीय निदान किया जा रहा था।<br>• दस्तक अभियान के दौरान आशाओं द्वारा रोगियों को मानकानुसार पूर्णरूपेण चिन्हित नहीं किया गया था।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पल्हनी द्वारा आरोग्य हेतु 50,000 का फन्ड प्रदान नही किया गया था जिसके कारण टायलेट में पूर्णतः कार्य नही हो पाया था।<br>• ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण टैली शीट अद्ययतन नहीं की गई थी।<br>• ए0एन0सी0 जाँच के दौरान कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को एच0आर0पी0 रजिस्टर में अंकन नही किया जा रहा था।<br>• ए0एन0एम0 द्वारा एच0आर0पी0 का फार्म पूर्ण रूप से नही भरा गया था तथा अनमोल एप पर भी फिलिंग नही हो रही थी।<br>• हीमोनिग्लोबिनो मीटर खराब पाया गया। | • ए0एन0एम0 एवं आशा को निर्देशित किया गया कि अपना कार्य सुचारू रूप से करना सुनिश्चित करें।<br>• दस्तक अभियान हेतु फन्टलाइन वर्कर का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए।<br>• आरोग्य मंदिर की समस्त कमियों को ससमय दूर किया जाए। | |

## जनपदीय चिकित्सालय (बलिया) :–

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसर/अन्य बिन्दु | • सिटीजन चार्टर मौजूद था।<br>• आई० ई०सी०की कमी पाई गयी।<br>• अस्पताल परिसर में साफ–सफ़ाई की कमी पायी गई एवं नालिया कीचड़ से भरी पायी गई।<br>• परिसर में वाहनों को खडा करने के लिये गार्ड द्वारा कोई नियम नहीं बनाया गया था। बाहन अब्यवस्थित रूप से खडें किये गये थे।<br>• अस्पताल में ओ0पी0डी0 लोड 1785 था तथा कुल 176 बेड थे। स्त्री रोग विषेशज्ञ का पद भी रिक्त था।<br>• एन0आर0सी0 में आई0ई0सी0 मैटिरियल पूर्णरूपेण अद्यतन नहीं थे।<br>• टी0वी0 भी कियाशील नहीं थी।<br>• डायलिसिस रूम में मरीजों को डायलिसिस के दौरान भोजन की व्यवस्था नहीं थी। | • साफ–सफाई के लिए संबंधित एजेन्सी को निर्देशित किया जाए।<br>• समस्त पायी गई कमियों में अतिशीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी |

Scanned with OKEN Scanner

## प्रथम संदर्भन ईकाईः–सिकन्दरपुर बलिया

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसर/अन्य बिन्दु | • अस्पताल परिसर में साफ–सफाई की कमी पायी गई। | • अस्पताल परिसर की साफ–सफाई हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| | • बिल्डिंग में जगह–जगह दीवारों एवं छत पर सीलन एवं टूटी बिजली की वायरिंग पायी गई। | • बिल्डिंग की मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया। | |
| | • ई0डी0एल0 की लिस्ट डिस्पले नही थी। | | |
| | • चिकित्सकों द्वारा मरीजों के पर्चे पर दवा ऐसी लिखी जा रही थी जो अस्पताल में उपलब्ध नहीं थी। मरीज बाहर से दवा खरीद रहे थे। | • चिकित्सको को बाहर की दवायें लिखने को मना किया गया। | |
| | • बायोमेडिकल वेस्ट एजेन्सी द्वारा पालीथीन वितरित नहीं की जा रही थी नही बायोमेडिकल वेस्ट का सही रूप से निस्तारण किया जा रहा था। | • बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु एजेन्सी से कार्य सुचारू रूप से कराने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| | • लेबर रूम में अत्यन्त गंदगी पायी गई। लेबर रूम में कोई भी सामग्री व्यवस्थित नहीं पायी गई। | • लेबर रूम को अतिशीघ्र नियमानुसार कियाशील करने के निर्देश दिये गये। | |
| | • दीवालों पर सीलन ,पखें अकियाशील तथा बिजली की वायरिग बिखरी हुई पायी गई। | | |
| | • समस्त रजिस्टर अर्पूण भरे गये थे। | • समस्त रजिस्टर को पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिये गये। | |
| | • बी0सी0जी0 वायल 25.07.2027 की वैक्सीन कैरियर मे पायी गयी जबकि 04 घन्टे बाद डिस्कार्ड कर दिया जाना चाहिये। | | |
| | • डिलीवरी के बाद मरीजो को 48 घन्टें रोका नहीं जा रहा था। | • प्रसव पश्चात नवजात शिशुओं को जीरो डोज प्रदान करने के पश्चात बी0सी0जी0 पायल 04 घन्टे बाद डिस्पोज करने के निर्देश दिये गये। | |
| | • उपकरण उपलब्ध होने के बावजूद स्पुटम की जाँच नहीं की जा रही थी। | | |
| | • बी0पी0एच0एस0 लैब में समस्त उपकरण एवं मानव संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद भी उपकरणों एवं मानव संसाधन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। | • बी0पी0एच0एस0 लैब की समस्त कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| | • प्रथम संदर्भन ईकाई होने के बावजूद भी विगत माह में एक भी सीजर नहीं किया गया था। | | |

Scanned with OKEN Scanner

आयुष्मान आरोग्य मन्दिर अखैनी (ब्लाक पन्दह)बलियाः–

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसर/अन्य बिन्दु | • आरोग्य मंदिर की जनसंख्या 6268 थी।<br>• आरोग्य मंदिर की बिल्डिंग सही रूप से नही बनाया गया था। जहाँ पर वाशरूम बना था। वहाँ पर फर्श धस गयी थी।<br>• नियमित पानी की सप्लाई भी नहीं थी।<br>• 15 मरीजों के बैठने के जगह उपलब्ध थी।<br>• हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर ब्रान्डिंग लेख मानकानुसार डिस्पले था।<br>• लक्ष्य 2319 के सापेक्ष सी0बैक0 मात्र 389 फार्म पूर्ण किये गये थे लेकिन पूर्ण रूप से नही भरे गये थे।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा प्रतिदिन लगभग 18 मरीजो का चिकित्सीय निदान किया जा रहा था।<br>• आरोग्य केन्द्र पर समुदाय के लिए 14 आवश्यक टेस्ट नही किये जा रहे थे।<br>• वाशरूम की वाश बेसिन टूटी हुई थी।<br>• सी0एच0ओ0 को प्रोग्राम से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी नही थी। न ही कोई प्रपत्र पूर्णरूपेण भरा जा रहा था।<br>• ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण से संबंधित किसी प्रकार का प्रपत्र नही उपलब्ध कराया गया। जब कि महीने के प्रथम बु.द्ववार को टीकाकरण किया जा रहा था। | • फर्श को अतिशीघ्र मरम्त कराने के निर्देश दिये गये।<br>• पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।<br>• आरोग्य मंदिर के समस्त प्रपत्र एवं कमियों मे सुधार किये जाए। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ ए0एन0एम0/ आशा |

जिला चिकित्सालय जनपद मऊः–

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसर/अन्य बिन्दु | • सिटीजन चार्टर मौजूद था।<br>• अस्पताल परिसर में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था थी।<br>• अस्पताल में प्रतिदिन 250 ओ0पी0डी0 हो रही थी।<br>• 04 सर्जन अस्पताल में कार्यरत थे एवं लगभग 25 सर्जरी प्रतिमाह की जा | • अस्पताल की समस्त कमियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। | मुख्य चिकित्साधिकारी/ सी0एम0एस0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | रही थी।<br>• ओ0पी0डी0 के लिए डा0 ससमय अस्पताल में नहीं आ रहे थे।<br>• ई0डी0एल0 लिस्ट अपूर्ण पायी गई उस पर तिथि अंकित नही थी।<br>• एस0एन0सी0यू0 में 24 रेडिसन्ट वार्मर मशीन उपलब्ध थी तथा 02 बच्चे एडमिट थे। भर्ती मरीजों की केश शीट पूर्णतया भरी जा रही थी। | | |

**शहरी स्वास्थ्य केन्द्र भरऊ पुरा जनपद मऊः–**

| गतिविधियां | अवलोकन बिन्दः– | सुधारात्मक कार्यवाही | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| चिकित्सालय परिसर/अन्य बिन्दु | • स्वास्थ्य केन्द्र की जनसंख्या 56000 है उसमें से मात्र 26000 जनसंख्या को इन्यूमिरेट किया गया था।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र की बिल्डिंग आई0पी0एच0एस0 के नार्म के अनुसार बनी थी।<br>• औसत ओ0पी0डी0 47 थी।<br>• 24 अरबन आशाओं के सापेक्ष 14 आशाओं का चयन किया गया था परन्तु सी0बैक फार्म न तो स्वास्थ्य ईकाई पर उपलब्ध था नही अरबन आशाओं को उसके बारे में पता था। | • स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त जनसंख्या को इन्यूमिरेट करने के निर्देश दिये गये।<br>• सी0 बैक फार्म मंगाकर समस्त आशाओं का अभिमुखीकरण कर भरने के निर्देश दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिरी |

मंडल की वित्तीय प्रगति की स्थिति निम्नवत्त हैं – धनराशि (लाख में )

**Expenditure against DHAP pre & post State visit**

*Amount in Lakhs*

| S. No. | Name of Division | Name of District | DHAP | Expenditure before Visit (1st Day of Visit) | Percentage | Expenditure after Visit (Last Day of Visit) | Increase in Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Azamgarh | Azamgarh | 17855.26 | 1696.26 | 9.50 | 1930.58 | 234.32 |
| | | Ballia | 13040.99 | 1361.44 | 10.44 | 1435.92 | 74.48 |
| | | Mau | 8241.46 | 1084.65 | 13.16 | 1096.11 | 11.46 |
| **AZAMGARH DIVISION** | | | **39137.71** | **4142.35** | **10.58** | **4462.61** | **320.26** |

Scanned with OKEN Scanner

| Expenditure against Committed pre & post State visit | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Amount in Lakhs* | | | | | | | |
| S. No. | Name of Division | Name of District | DHAP | Expenditure before Visit (1st Day of Visit) | Percentage | Expenditure after Visit (Last Day of Visit) | Increase in Expenditure |
| 1 | Azamgarh | Azamgarh | 2846.43 | 262.42 | 9.22 | 388.56 | 126.14 |
| | | Ballia | 1649.30 | 126.86 | 7.69 | 205.96 | 79.10 |
| | | Mau | 1053.86 | 79.64 | 7.56 | 143.79 | 64.15 |
| AZAMGARH DIVISION | | | 5549.59 | 468.92 | 8.45 | 738.31 | 269.39 |

| Total Expenditure ( DHAP & Committed) pre & post State visit | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Amount in Lakhs* | | | | | | | |
| S. No. | Name of Division | Name of District | Total Budget | Expenditure before Visit (1st Day of Visit) | Percentage | Expenditure after Visit (Last Day of Visit) | Increase in Expenditure |
| 1 | Azamgarh | Azamgarh | 20701.68 | 1958.68 | 9.46 | 2319.14 | 360.46 |
| | | Ballia | 14690.29 | 1488.30 | 10.13 | 1641.88 | 153.58 |
| | | Mau | 9295.32 | 1164.29 | 12.53 | 1239.90 | 75.61 |
| AZAMGARH DIVISION | | | 44687.29 | 4611.27 | 10.32 | 5200.92 | 589.65 |

भ्रमण के दौरान दिनांक 24.07.2024 से 27.07.2024 को उपरोक्त तलिकानुसार जनपदो द्वारा कुल 5.89 करोड का व्यय FAMS पोर्टल पर बुक किया गया।बैठक में मंडल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गएः–

1. जिन मदों में कमिटेड बजट के सापेक्ष कम व्यय हुआ हैं उन मदो की समीक्षा करके नियमानुसार व्यय बढाये जाने के निर्देश दिए गए।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद बलिया एवं मऊ का कमिटेड धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रतिशत काफी कम है दोनो जनपदो को यह निर्देशित किया गया कि कमिटेड बजट में जिन मदों में वास्तविक देयता के सापेक्ष भुगतान लंबित है उन्हें 03 कार्यदिवस में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
4. पी.बी.आई./विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान, आशा भुगतान, संविदा कर्मचारियों के वेतन आदि की नियमित समीक्षा करते हुये व्यय कराये जाने के निर्देश दिए गए।
5. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओ एवं सेवाओ हेतु निविदा किया जाना शेष हैं उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमनुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।

Scanned with OKEN Scanner

6. लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित कार्यकम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम.आर. कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
7. जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने ब्लाक के कमिटेड एवं इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट की समीक्षा कर जिन मदों में व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है उसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायें।
8. जनपद बलिया एवं मऊ में कई ब्लाक लेखा प्रबंधको द्वारा कमिटेड बजट में वास्तविक देनदारी से अधिक बजट कमिट कराया गया था जिसके समबन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष से वास्तविक देनदारी के सापेक्ष ही बजट कमिट कराया जाये।
9. जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।

| | | |
|---|---|---|
| श्री सत्यप्रकाश<br>कार्यकम समन्वयक<br>आर0आई0 | श्री संदीप कंन्नौजिया<br>इन्टरनल आडिटर<br>वित्त अनुभाग | डा0 मिलिन्द वर्धन<br>महाप्रबन्धक पी0एम0 अभीम |

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

मण्डलीय अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
मण्डल आजमगढ़।

पत्रांक–एस.पी0.एम.यू./एन.एच.एम./एस0एस0 विजिट/म0–आजमगढ़/2024–25 दिनांकः08-08-2024

**विषय–राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप निराकरण के संबंध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या SPMU/ NHM/ M&E/ 2024-25/ 04/ 1873-2 Dated-04-07-2024 द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिये गये निर्देशों के कम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 24–27 जुलाई, 2024 के मध्य मण्डल आजमगढ़ का स्थलीय भ्रमण एवं वित्तीय समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराई गई भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, आख्या में उल्लिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या 01 सप्ताह के अन्दर मिशन निदेशक, कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकःएस.पी0.एम.यू./एन.एच.एम./एस0एस0 विजिट/म0–आजमगढ़/2024–25/2711-4 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।
3. मण्डलीय कार्यकम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन, आजमगढ़ मण्डल उ0प्र0।
4. जिला कार्यकम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन जनपद, आजमगढ़, बलिया, मऊ उ0प्र0।

(डा0 मिलिंद वर्धन)
महाप्रबन्धक पी0एम0 अभीम

Scanned with OKEN Scanner